SHRI N.R. ELANGO (Tamil Nadu): Hon. Deputy Chairman, Sir, I thank you for the opportunity given to me to speak on the hon. President's Address. Sir, as per Article 87 of the Constitution of India, the Special Address of the hon. President is to inform the Parliament of the causes of the Summons. It is always expected to inform the Parliament of the causes of the Summons, namely, what the Government was doing during the last year and what it is going to do next year. But I could see from the President's Address what they have been doing for all the nine years and what they are visualizing for the next 25 years. Sir, the great Thiruvalluvar said * "The mark of wisdom is to see the reality behind everything." With that vision, when I saw the President's Address, I wanted to make a mention about three or four points. Democracy and federalism has been dealt with in paragraph 79. It says, "India's democracy was prosperous, strong, and will continue to be stronger in the future." The true federalism in real spirit and substance and not in ornamental form would be the seed for a vibrant democracy. Democracy has to be practised, not to be preached. I can quote some examples where our democracy has been violated. The Union shall not attempt centralization and should envisage decentralization by permitting the States to exercise powers of legislative and executive. The representatives of the Union Government in the States should act as a catalyst and their deed should not be against the legislative democracy of the States. Delegation of powers to the States should be real and intervention by the Union would be destructive to the constitutional mandate of federalism. However, States' contribution to the

* English translation of the original speech delivered in Tamil.

development in various fields should be recognized and appreciated by the Union for the sustained cooperation and federalism between the Union and the States.

For instance, the Tamil Nadu Legislative Assembly passed a Bill on NEET. It was sent for the assent of the President, but for the reasons best known to them, the Bill has been kept in the cold storage for a long time. That Bill has not been approved. Various reasons have been given by the Union for not approving the Bill. The Governor of the State of Tamil Nadu is not giving his assent on most important Bills of the State, namely, banning of online lottery and certain other Bills related to Universities. The Bills have neither been assented to nor returned to the Legislative Assembly. They have been kept in the cold storage. This is happening not just in Tamil Nadu. This is happening in Telangana; this is happening in Kerala. When you talk about democracy and federalism, you have to practice democracy, not preach democracy in words.

Sir, I will now talk about Judiciary. Fair and independent judiciary is the hallmark of civilized society. It is a common knowledge that the law declared by the hon. Supreme Court is the law of the land under Article 141 of the Constitution. Article 50 is given a complete go-by, and in the recent past, we have been hearing that the highly-placed executives are making certain remarks against the Collegium system and the basic structure propounded by the Supreme Court. In fact, this basic structure is not propounded by the Supreme Court. As per the Kesavananda Bharati case, the basic structure is inbuilt in the Constitution. Some observations have been made about the judgements of the Supreme Court. We have to respect the Judiciary, but that is not being done. Article 50 is being violated. The Article on separation of powers is being completely violated by this Government.

Sir, as far as collegium system is concerned, twice we passed the NJAC Bill, and it was struck down by the Supreme Court by a recent judgment. If you have any objection to the judgment, you have to pass a new Bill which can be acceptable to the Supreme Court. But making comments on the collegium system is not good for democracy. We are also seeing that they are cherry-picking in the appointment of Judges. The Collegium is recommending a few names and the Union Government is cherry-picking a few names and passing the orders and keeping the other names in the cold storage without assigning any reason and without any authority to do that. This is very unacceptable in our democracy. This has to be replied by the Government.

Sir, one more upfront to the democracy is that all the schemes of the Union Government are named in Hindi. We are not able to understand the name or the intention

behind the schemes. With all this, I say the Union Government is not practising democracy and they are not governing like a democracy.

Sir, as far as corruption is concerned, at paragraph 9 in the President's Address, it is said that an effective system has also been put in place to end practice of favouritism and corruption in the Government machinery. Sir, you know and the people of India know that in 2018, this Government has almost neutralized the corruption law. There're a few provisions which were in vogue in 1988 Act. You have removed them and decriminalized most of the acts of corruption. Naturally, corruption will come down. Take Section 13(1) (d). There were two good provisions. Section 13(1) (d) has been completely wiped off. And now you say that the corruption has been brought down.

Yesterday, when Dr. Thambidurai was speaking, he said something about the cases which were ended up in acquittal. But it is only during the AIADMK Rule, not only Tamil Nadu, Kodanad was also looted. ...(*Interruptions*)...

DR. M. THAMBIDURAI (Tamil Nadu): Sir, a State subject...(*Interruptions*)...

SHRI N.R. ELANGO: Sir, it is not a State subject. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...(*Interruptions*)... We will see that. ...(*Interruptions*)... We will see that. ...(*Interruptions*)...

SHRI N.R. ELANGO: Sir, I have only two minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please take your seat. *...(Interruptions)..* Please speak on the subject. *...(Interruptions)..* You know he will not be raising a State subject. Please. *...(Interruptions)...* We will see that.

SHRI N.R. ELANGO: Sir, in paragraph 2, the President's Address says about a *Bharat* which has no poverty and where the middle class is also prosperous. Everywhere they say '*Bharat*' when they are talking about the future. The discriminate use of the term '*Bharat*' vis-a-vis India stirs a speculation in the minds of the general public that a subtle design is envisaged by the Union to proclaim India in future as '*Bharat*' which will prove to be fatal for the existence of the unity and diversity of this great nation which is India.

Sir, there are Eklavya Model Schools. About 400 have been opened. We are very happy to know about these Eklavya Model Schools. I only hope and believe that this Government, by not providing job opportunities to those students, will not be taking the thumbs of those students like Dronacharya. They have to give job opportunities to them.

Sir, while coming to the issue of women empowerment, today, in Tamil Nadu, our hon. Chief Minister, Thiru Muthuvel Karunanidhi Stalin, is inaugurating the second phase of Pudhumai Penn Scheme which is otherwise known as a modern girl or a revolutionary girl. Moovalur Ramamirtham Ammaiyar Higher Education Assurance Scheme is in vogue in Tamil Nadu. The Government of Tamil Nadu has launched this scheme to enhance the enrolment ratio of girls from Government Schools to higher education institutions. Through the scheme, financial assistance of Rs.1,000 per month will be provided to the girls till their completion of UG degree or diploma or ITI or any other recognised course. This incentive amount under the scheme will be disbursed directly into the student accounts. This is called Dravidian model which is better than any other model. Such socially progressive schemes have not been introduced by the Union for better and prosperous lives of the girl children. Sir, just one more minute!

Yesterday, Shri Prakash Javadekar made an observation that the artefacts available in other countries will be brought back to India. I have a request for the Government. A detailed report on periodic excavation has been submitted to ASI on 30th of January, 2023. *(Time-bell rings)* Sir, one more minute please. I request the Government to publish it and make it a public document. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shri Sanjay Singh; absent. Shri Manas Ranjan Mangaraj. ...(*Interruptions*)... Okay. Shri Niranjan Bishi.

SHRI NIRANJAN BISHI (Odisha): Hon. Deputy Chairman, Sir, I stand here to support the Motion of Thanks on the speech delivered by the hon. President of India, the first tribal woman President, who is the pride of tribals of India. However, on behalf of my party, the BJD, for the development of tribals of Odisha, I want to highlight some important issues concerned with my State of Odisha and demand attention of the Central Government on these important issues of Odisha.

First is the inclusion of 169 tribal groups or parts of such tribes pertaining to Odisha, as recommended by our hon. Chief Minister, Shri Naveen Patnaik. The left-out Scheduled Tribes are Saara, Tamadia, Bhanja Puran, Kalanga, Paharia, Jhodia,

Mankidia, Durua, Chuktia Bhunjia, Paudi Bhuyan, Amanatia, Beldar Gond, Budu Kandh, Boda Savara, Bhogta, Boi Gadaba, Bareng Jhodia Paraja, Cherenga Kolha, Chapua Kamar, etc. Such types of hundreds of tribal communities, which are proposed for inclusion, are actually subsets or phonetic variations of the name of the existing ST communities, but are still deprived of the benefits availed by STs with similar tribal characteristics residing in different parts of the State, who have since been notified as STs. Inclusion of the left-out communities will give them their much-needed recognition as Scheduled Tribes and ensure them social justice in accordance with the provisions of the Constitution of India.

Sir, second is, withdrawal of 18 per cent GST on Kendu leaves. Our hon. Chief Minister of Odisha, Shri Naveen Patnaik, has been demanding for withdrawal of 18 per cent GST on Kendu leaf in the greater interest of the State of Odisha as more than eight lakh poor tribal people associated with the trade are getting affected. The tribal people collect the leaves as part of their right defined under the Scheduled Tribes and Other Traditional Forest Dwellers (Recognition of Forest Rights) Act, 2006. Imposition of 18 per cent GST on Kendu leaves is adversely affecting the trade. This, in turn, affects the livelihoods of Kendu leave pluckers, binders and seasonal workers, and the implementation of the social security and welfare schemes for them. In the interest of the livelihood of the community, it is urged upon the Government to withdraw the imposition of GST on Kendu leaves for the greater interest of the State of Odisha.

Third is, inclusion of tribal languages in the Eighth Schedule of the Constitution of India. Odisha has the third largest tribal population in the country. As per Census 2011, 40 per cent of the population in Odisha belongs to Scheduled Tribe and Scheduled Caste communities. The State is home to 13 Particularly Vulnerable Tribal Groups (PVTGs). Language remains a huge obstacle for the attainment of education for tribal children. Learning should necessarily also consider the pertinence of each medium of instruction for different linguistic and cultural backgrounds. The Government should focus on developing multilingual pedagogic instruments, teaching-learning materials in the local dialect considering the tribal socio-cultural surrounding. Odisha's languages continue to be disregarded. We demand that the tribal languages like Ho, Bhumij and Mundari be included in the Eighth Schedule of the Constitution of India. Fourthly, the Tribal Sub Plan and KBK project should be restored and Budget provision should be made for development of tribals of Odisha.

सर, मैं केन्द्र सरकार से यह भी कहूँगा कि हमारी जो महामहिम राष्ट्रपति जी हैं, वे हमारे ओडिशा की हैं। वे हमारे आदिवासी भारत देश का गर्व और गौरव हैं और सारी दुनिया के आदिवासियों का गर्व और गौरव हैं। हमारे ऑनरेबल चीफ मिनिस्टर श्री नवीन पटनायक जी ने सपोर्ट किया। भारत की आजादी के अमृत महोत्सव के काल में हमारे ज्वाइंट सेशन में उन्होंने जो फर्स्ट भाषण दिया, अभिभाषण दिया, वह सारी दुनिया के लिए एक बहुत बड़े गर्व और गौरव की बात है और सारे विश्व के 50 करोड़ आदिवासियों के लिए बहुत बड़े गौरव की बात है। केन्द्र सरकार हमारे आदिवासियों के विकास के लिए, उनकी शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए ध्यान दे। सारे देश में हमारे आदिवासी शिक्षा के क्षेत्र में पिछड़े हैं। आदिवासियों का परसेंटेज ऑफ पॉपुलेशन 8.5 है, लेकिन सेंट्रल गवर्नमेंट की जॉब्स में उनको 7.5 परसेंट रिज़र्वेशन मिलती है, तो उसको भी 8.5 परसेंट करना चाहिए। जैसे हमारे नवीन पटनायक जी ने ओडिशा में 22.5 परसेंट एजुकेशन में रिज़र्वेशन किया है, एम्प्लायॅमेंट में 23.5 परसेंट रिज़र्वेशन किया है, महिलाओं के लिए 50 परसेंट रिज़र्वेशन किया है, इलेक्टिव पोस्ट्स में भी 23.5 परसेंट रिज़र्वेशन फॉर शेड्यूल्ड ट्राइब्स किया है, वैसे ही सेंट्रल गवर्नमेंट में भी जो मिनिस्ट्री ऑफ ट्राइबल अफेयर्स है, ट्राइबल के अफेयर्स के लिए और ट्राइबल के डेवलपमेंट के लिए जो सारी डेवलपमेंटल स्कीम्स हैं, जैसे केबीके स्कीम थी, ट्राइबल सब-प्लान था, शेड्यूल्ड कास्ट सब-प्लान था, उन सबको रेस्टोर करेगी, तो शेड्यूल्ड ट्राइब और शेड्यूल्ड कास्ट कम्युनिटी का डेवलपमेंट होगा।

I would conclude by saying that fruits of development are to be shared equitably but the focus should be on weaker sections of the society, particularly, Scheduled Tribes and Scheduled Castes, on economic criteria. Thank you, Sir.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you. Dr. K. Keshava Rao, not present. Prof. Manoj Kumar Jha.

प्रो. मनोज कुमार झा (बिहार): उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया। जया जी यहाँ हैं।

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज़।

प्रो. मनोज कुमार झा: नहीं, सर। एक संदर्भ था, इसलिए मैंने कहा। मैं आप ही से कह रहा हूँ कि एक फिल्म "कभी-कभी" थी। उसमें एक साहिर की बड़ी अच्छी लाइन थी - *"कभी-कभी मेरे दिल में, खयाल आता है।"* इसमें बाकी जो आगे है, वह मैं नहीं कहूँगा, क्योंकि संदर्भ दूसरा है। लेकिन कभी-कभी मेरे दिल में यह खयाल आता है कि राजनीतिक जिन्दगी में अगर हमारी महामहिम राष्ट्रपति खुद से अपनी स्पीच, अभिभाषण लिखने लगें, तो शायद यह स्तुतिगान नहीं होता, जो इतने पन्नों का मिला। अब यह कब होगा, सर? यह हमेशा से होता रहा होगा, लेकिन कई चीज़ें जो हमेशा से होती

रही हैं, वे अच्छी हों, यह आवश्यक नहीं है। क्यों, सर? क्योंकि जमीन की हकीक़त और अभिभाषण के तथ्य मेल नहीं खाते। यह चिन्ता का विषय है।

मसलन मैं एक छोटी सी चीज़ से शुरुआत करता हूँ। पैरा 2 कहता है - स्थिर सरकार। समाज अस्थिर है, तो स्थिर सरकार का क्या करें, उस ऑर्केस्ट्रा में जाकर हम भी गाना गाएँ! समाज में अस्थिरता के लक्षण हैं। जहाँ चले जाइए, क्षेत्रीय आधार पर, धर्म के आधार पर, जातिगत विषमता के आधार पर इतनी अस्थिरता है और हम स्थिर सरकार का महिमामंडन करें! सर, स्थिर सरकार वह होती है, जो समाज में अस्थिरता पैदा न होने दे। यहाँ उल्टा मामला है। यह चिन्ता का विषय है। इसकी अभिव्यक्ति माननीय राष्ट्रपति महोदया के अभिभाषण में नहीं होती है।

(**सभापति महोदय** *पीठासीन हुए।*)

सभापति महोदय, धारा 370 का जिक्र आया। मैं थोड़ा चाहता हूँ कि धारा 370 के जिक्र को एक व्यापक कैनवास पर ले आऊँ। आजकल ऑथेंटिकेशन की बात बहुत होती है। सर, मैं पूरी की पूरी किताब लेकर आया हूँ। अनुराधा भसीन जी ने "द अनटोल्ड स्टोरी ऑफ कश्मीर आफ्टर आर्टिकल 370" लिखी है। वे 'कश्मीर टाइम्स' की एडिटर रही हैं। सर, लगातार खबरें आ रही हैं। आप कहते हैं कि नॉर्मेल्सी है। सर, दिल्ली के दरबार से नॉर्मेल्सी बोलना और कश्मीर में जाकर उस नॉर्मेल्सी को महसूस करना, इसमें बहुत बड़ा फर्क है। महीनों से वहाँ बुलडोज़र चलाए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाया जा रहा है, लेकिन लोगों के घर तोड़े जा रहे हैं, बिना नोटिस के। माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से बार-बार कहता हूँ कि कश्मीर को जमीन का टुकड़ा न समझा जाए, वहाँ जिन्दा लोग बसते हैं। जब तक आप कश्मीरियों का दिल नहीं जीतेंगे, तब तक कश्मीर का दिल कभी नहीं जीत पाएँगे, चाहे आप लाख कोशिश कर लें।

सर, भ्रष्टाचार के बारे में भी कहा गया। मैं तो यह सोच कर आया था कि मैं ऐसी कोई बात ही नहीं बोलूँगा। अचानक आपको देखा और आप आए, आपने बीच में प्रवेश किया, तो एक कहानी याद आयी। एक राजा को तोतों का बड़ा शौक था। वे कारोबारी तोते रखते थे।

श्री सभापतिः आप मुझे यह बताइए कि मुझे देखते ही आपको भ्रष्टाचार की याद क्यों आ गई? आप इसको क्लैरिफाई कीजिए।

प्रो. मनोज कुमार झाः जी नहीं, सर, भ्रष्टाचार की नहीं, बल्कि राजा की याद आ गई।

MR. CHAIRMAN: We have a distinguished Member here from the same fraternity.

DR. ABHISHEK MANU SINGHVI (West Bengal): Sir, there is no *mens rea* here.

प्रो. मनोज कुमार झाः सर, राजा की याद आई। उसके पास कई तोते थे, लेकिन अचानक उसका स्नेह एक खास तोते के लिए काफी हो गया। वह गौतमी प्रवृत्ति का तोता था। सबको चाँदी और स्टील की कटोरी मिली और उस तोते को कनक की कटोरी मिली। राजा तोते से बहुत सलाह लिया करते थे और तोता सलाह भी देता था। वह भूत भी ठीक करता था और भविष्य की बात भी करता था। एक दिन उस तोते के बारे में पड़ोस से कोई अनुसंधान आ गया। उस अनुसंधान के बाद तोता थोड़ा बीमार रहने लगा। अब उस बीमार तोते की वजह से राजा ने भी खाना-पीना छोड़ दिया। लेकिन उस तोते का एक और भाई था, जो विनोदी स्वभाव का था। अब उसने फूल नाम की एक कंपनी और एक 'हां बैंक' हुआ करता था। 'हां बैंक' के 48,000 करोड़ रुपए उस तोते ने 1,303 करोड़ में केमैन आइलैंड में दे दिए। यह प्राचीन काल की बात है। इस तरह से तोता और राजा की कहानी में पिक्चर अभी बाकी है, शेष अगले अंक में, संभवतः बजट में।

सर, राष्ट्रपति के अभिभाषण पर विशुद्ध राजनीतिकरण होता है और राजनीतिकरण होना भी चाहिए, लेकिन 2018 से लेकर अब तक, जब आप अभिभाषण में कंटेंट ऐनालिसिस करें, तो 43 बार 2014 का जिक्र होता है। सर, इतना तो 1947 का भी जिक्र नहीं होता है, जब हम आजाद हुए थे! यह कौन-से इतिहास की समझ विकसित कर रहे हैं कि 2014 से पूर्व इस देश में अंधेरा था और अगर 2024 में कुछ और हो गया, तो देश में सन्नाटा हो जाएगा! सर, शून्य और सन्नाटे के बीच में ...(**व्यवधान**)... माननीय सभापति महोदय, टॉलरेंस - 1952 में बाबू राजेन्द्र प्रसाद...(**व्यवधान**)...

श्री सभापतिः एक बड़ा दिलचस्प किस्सा है कि 2014 की खासियत क्या है। I was elected to Parliament in 1989. One second. Just be a little decorous. ...(*Interruptions*)... Be a little decorous. ...(*Interruptions*)... These snipe-shots should not be there. They don't give any dignity to anyone in the House. So, we started a decade in the 90s. So, we used to have MPs and Ex-MPs. But, there was a new breed during 90s, axed MPs., axed. They couldn't complete their term. In the 9th Lok Sabha, I was there. Then, thereafter, we had that situation when we had Inder Kumar Gujral*ji*, H.D. Deve Gowda*ji* and also Atal Bihari Vajpayee*ji* for two terms. So, that particular phase of 30 years where the country had coalition governance came to an end in 2014. That was the reason.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, now, we are asking why MPs, not axed.

MR. CHAIRMAN: I said axed.

SHRI JAIRAM RAMESH: I am not saying axed. I am saying why?

प्रो. मनोज कुमार झाः माननीय सभापति महोदय, वैसे भी हम लोगों का अच्छा वक्त नहीं चल रहा है, इसलिए मेरे वक्त में दो मिनट का इजाफा कर दीजिएगा। संभवतः हमारे एक और स्पीकर होंगे।

श्री सभापतिः उनका कट जाएगा।

प्रो. मनोज कुमार झाः सर, प्लीज़।

सर, मैं यह क्यों कह रहा था? आप मेरे भावार्थ को नहीं समझे। इतिहास बोध 2014 से नहीं होगा। फिर क्या कहेंगे 1947 में? हमने आजादी की पहली वर्षगांठ 1948 में मनाई थी, तब तक हम बापू को खो चुके थे। हाँ, आज 75वें वर्ष में, इस तथाकथित अमृत काल में मैं यह देख रहा हूँ कि गाँधी जी की हत्या करने वालों का महिमामंडन हो जाता है - यह भी है। इसलिए 2014 चिंता का विषय था और कोई नहीं। प्रधान मंत्री डेमोक्रैटिकली इलेक्टेड हैं, कौन विरोध करेगा, लेकिन डेमोक्रेसी में कई एनॉमलीज़ आ रही हैं, विसंगतियाँ आ रही हैं, उनका जिक्र न करूँ, तो पार्लियामेंट फिर किस बात के लिए है! सर, राजेन्द्र बाबू तक टॉलरेंस की बड़ी बात हुई। उनसे लेकर सहिष्णुता की बात हुई। अब अभिभाषण से सहिष्णुता शब्द गायब है। क्या हमें सहिष्णुता नहीं चाहिए? क्या हम नहीं देख रहे हैं कि हमारे समाज में, कौमों के बीच में कंटीली दीवारें लगाई जा रही हैं? बुल्डोजर उत्पीड़न का, माइनॉरिटी राइट्स के हनन का प्रतीक बनता जा रहा है। सर, ऐसे दौर में टॉलरेंस शब्द का बार-बार बयान होना आवश्यक था। टॉलरेंस शब्द को दूर करके, you are appearing, basically, as an intolerant Government which is not in the grain of Indian democracy.

सर, 'अग्निवीर' का ज़िक्र हुआ। 'अग्निवीर' के बारे में कभी युवाओं से पूछिए कि तुम पूरी जिंदगी जो तैयारी कर रहे हो, वह सिर्फ चार वर्ष के लिए है। सर, मैं नौकरी में हूँ। हाँ, मैं नौकरी में हूँ, क्योंकि सामाजिक सुरक्षा पेंशन की गारंटी है। यह इस देश में कौन-सा निज़ाम गढ़ रहे हैं? मैं ज़िक्र नहीं करना चाहता हूँ कि यह क्या है। यह तो लॉलीपॉप भी नहीं है। यह जहरीला फल है, जो समाज में है। आप कभी उन युवाओं से पूछिएगा कि वे इस चार वर्ष वाले आइडिया के बारे में क्या सोचते हैं।

सर, मैं देख रहा हूँ कि फॉरेन पॉलिसी पर भी अभिभाषण लगातार चुप-सा होता जा रहा है। फॉरेन पॉलिसी पर बात नहीं होती है। हमारी राष्ट्रपति जी सेना की सुप्रीम कमांडर हैं। क्या सेना की सुप्रीम कमांडर को यह अंदेशा नहीं है कि चाइना के बॉर्डर पर हालात उचित नहीं हैं? मैं माननीय रक्षा मंत्री के बयानों को सुनता हूँ, तो चिंता होती है, लेकिन सरकार की तरफ से डिनायल है। एक पड़ोसी के लिए तो लाल आँख निकाल देते हैं और दूसरे पड़ोसी के नाम पर आप चुप हो जाते हैं।

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, security is a very sensitive subject and you are a Professor. We expect such a subject to be taken up very seriously and let it not be usual discourse. Go ahead.

PROF. MANOJ KUMAR JHA: Sir, I am a student of Political Science and History. In 1962, when India was at war with China, we had debated that in this Parliament. Sir, the definition of national security is not the core prerogative of the ruling party, we are equally concerned. मैं तो कहूँगा कि तराजू उठा लीजिए, आविष्कार करवा लीजिए कि किसके अंदर कितना पैट्रिऑटिज़्म है। इससे पता चल जाएगा कि हकीकत क्या है और फसाना-अफसाना क्या है। मैं यही कहना चाहता था।

सर, बीते वर्षों में फिलिस्तीन का ज़िक्र लगातार हुआ करता था। हमारे सारे प्रेज़िडेंट वाजपेयी जी के टाइम तक, लेकिन फिर फिलिस्तीन पर चुप हो गए। इसकी क्या वजह है? क्या हम अपनी विदेश नीति में यह ताकत पैदा नहीं कर सकते कि oppressed community anywhere, we shall have our concern. सर, हम कितना बदल गए हैं! मैं जानता हूँ कि हिन्दुस्तान के नजरिए से देखिए, लेकिन हिन्दुस्तान की नजर मत बदलवाइए। जो 1947 में नींव रखी गई थी, उस नींव को मत हिलाइए। उस नींव को हिला दीजिएगा, तो पार्लियामेंट की बिल्डिंग भी ढह-ढहा करके गिर जाएगी। सर, यह चिंता का विषय है।

सर, ज्यूडिशियरी के बारे में भी ज़िक्र था। मैं देख रहा हूँ कि आजकल सरकार की ओर से दो चम्मच सुबह, दो चम्मच शाम के हिसाब से बयान आते रहते हैं। हम सब जानते हैं कि ज्यूडिशियरी में रिप्रेज़ेंटेशन होना चाहिए। हमारा राष्ट्रीय जनता दल और हमारे नेता लगातार कहते रहे हैं कि जब तक वंचित समाज, एससी-एसटी, ओबीसी का प्रतिनिधित्व नहीं होगा, तब तक हमसे न्यायपालिका और न्याय दूर रहेंगे। सर, अब मामला बेसिक स्ट्रक्चर पर आ गया है और बयान ऐसे आ रहे हैं, जिन्हें न मौलिक की समझ, न संरचना की समझ! मैं किसी और को नहीं कहूँगा। आप आडवाणी जी को देख लीजिए, उन्हें पढ़ लीजिए, आपको पता चल जाएगा। माननीय प्रेज़िडेंट साहिबा के बयान में एससी-एसटी, ओबीसी की बहुत जातिगत बातें हुईं। सर, पूरे देश में जातिगत जनगणना को लेकर एक लहर चल रही है। अब सत्तापक्ष के लोग भी बोलने लगे हैं। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं बारहवें मिनट में खत्म कर दूँगा। हालांकि, मैं माफी के साथ कहना चाहता हूँ कि आपको दो मिनट जोड़ने भी थे। मैं सिर्फ यह कहना चाहूँगा कि जातिगत जनगणना से सरकार का कोई नुकसान नहीं होगा। मैं आपको यकीन दिलाता हूँ कि थोड़ा फायदा ही होगा। हकीकत देखिए कि कौन कहाँ खड़ा है, इसलिए हम बिहार में सर्वेक्षण करवा रहे हैं। प्रेरणा लीजिए, ताकि जो वंचित रहे हैं... A blast from the past, अकसर आता है - नाम बदलो, नाम बदलो। पार्लियामेंट के बाहर डेली कोई पूछता है, आज फलां का नाम बदल रहा है। मैंने कहा यार, पीसमील में क्यों करते हो, खुदरा-खुदरा कर रहे हो, थोक में करो। अभी शायद मंत्रिमंडल का विस्तार होगा। एक मंत्रालय बनाओ - नाम बदलो मंत्रालय। एक साथ बैठकर एक बार में हिसाब कर दो। साहब, अगर नाम बदलने से इतिहास बदलता तो कुछ और बात होती, लेकिन नाम बदलने वाले खुद बदल गए, इतिहास नहीं बदला। इस मुल्क में हड़प्पा की सभ्यता से लेकर आज तक जो कुछ हुआ है, वह हमारी धमनियों में है, किसी को कमतर मत दिखाइए और रही बात मुगलों की, आपके अंदर तो एक बहुत बड़ा मुगल है। वह भी बिल्डिंग बनाने का शौकीन था, आप भी बहुत शौकीन हैं। Anyway, Sir.

सर, अब मैं आपके समक्ष आखिरी टिप्पणी करूँगा। मैं बिना नाम बताए यह बता रहा हूँ।

"हम सबल केन्द्र चाहते हैं, लेकिन केन्द्र की सबलता संविधान से आती है, किसी दल के सत्ता पर एकाधिकार से नहीं आती है। यदि केन्द्र का व्यवहार न्यायपूर्ण नहीं रहा, यदि दलगत आधार पर प्रदेशों के साथ भेदभाव या पक्षपात किया गया, तो प्रदेशों में केन्द्र-विरोधी भावनाएँ जन्म लेंगी।"

मैं नहीं सर, अटल जी। यह उनका 1974 का भाषण है। **...(समय की घंटी)...** सर, मैं बस अब आखिरी बात कहता हूँ।

"कुछ मित्रों ने इसे, यानी इस बहस को अनावश्यक कर्मकांड कहा। मुझे तो यह सारा दृश्य प्रहसन सा प्रतीत होता है। राष्ट्रपति का अभिभाषण ही नहीं, इस पर होने वाली यह चर्चा, चर्चा करने वाला यह सदन या संसद कुछ अर्थों में बेमानी, व्यर्थ, जनजीवन से कटा हुआ..."

मैं नहीं, अटल जी। यह हमारे लिए एक आईना है।

श्री सभापतिः श्री...

प्रो. मनोज कुमार झाः सर, आखिर में मुझे 'जय हिन्द' तो बोलने दीजिए! मुझे 'जय हिन्द' बोल लेने दीजिए। मेरे दो मिनट आपको जोड़ने भी हैं। सर, मैं 'जय हिन्द' बोलने से पहले सिर्फ यह कहूँगा कि ये अवसर होते हैं। सदन में जितने लोग हैं, मैं उन सबका शुक्रिया अदा करता हूँ। सर, जब लोकतंत्र नहीं बचेगा और सिर्फ तंत्र बच गया तो फिर कुछ बचेगा नहीं। जय हिन्द! सर, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

श्री सभापतिः आपके मन में कभी-कभी जो खयाल आता है, वह बाकी आप मेरे चैम्बर में बताइए।

प्रो. मनोज कुमार झा : जी सर।

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Bikash Ranjan Bhattacharyya.

SHRI BIKASH RANJAN BHATTACHARYYA (West Bengal): Thank you, Chairman, Sir, for giving me this opportunity to deliberate on the address of the Hon. President of India. I offer my thanks to the Hon. President of India but I really cannot offer any thanks or give any credence to the speech which she has made. If you kindly go through the entire speech and the lines in between, we find this is not a speech which reflects the Indian constitutional ethos or constitutional morality. It really reflects the idea of Hinduism; it reflects the basic idea of BJP which wants to really establish a Hindu Rashtra following

the RSS guideline, without implementing the Indian constitutional goal. This is based on misrepresentation of ideas and facts. You see, it is said that the Rajpath is now the Kartavya Path because Rajpath is the symbol of colonialism. I don't know wherefrom do they get this fact. During the colonial period, it was Kingsway and Queensway. That had been changed to Janpath and Rajpath. 'Raj' is not the colonial word. 'Raj' is a concept which is available in the Indian cultural history. Now, you want to take a false credit and try to pose it as anti-colonial, though your history to fight the colonial Government is very poor. Now, again you find throughout the speech, there are references of many scholars. But, being the country of multicultural heritage; we have the heritage of different ideas. But this speech only contains the ideas of Hindu leaders, Hindu seers. What do you mean to communicate? Do you want to keep the country united on the constitutional principle? And, your intention is to divide the country on the religious line which is the practice, unfortunately, now being followed by the Government. You see, you have a false claim. I don't know who had advised the Hon. President to make this statement on triple talaq! Triple *talaq* was the contribution of the Hon. Supreme Court of India. Hon. Supreme Court of India had declared this unconstitutional. The Government doesn't have any credit to this. They were bound to make a law after the declaration of the law made by the hon. Supreme Court. But, here it is said, 'the Government has the credit from abrogation of Article 370 to triple *talaq*. Why do you want to communicate this false information to the country through the President of India?

Now you say that we have poverty eradication. Kindly see the Constitution which wants the scientific temper. Here, you are really trying to communicate the most unauthentic, unscientific idea. Poverty does bring illness. It says, 'poverty is illness!' For instance, it says, 'the major cause of poverty is illness.' Is it right? Is it not illness because of poverty? You want to put the cart before the horse! You don't want to eradicate poverty but you want to eradicate illness. This is a wrong concept by which you can't neither eradicate poverty nor take care of illness. In the name of taking care of illness, you want to take credit for the Ayushmaan Bharat. What has the Ayushmaan Bharat done? You have claimed that 80 crore people have to be fed with five kilogram of rice. Does it reflect the confidence in the country's economy? Or, does it reflect your weakness? You want to take credit out of nothing. The President of India, unfortunately, was made to read the statement.

Kindly see how you have destroyed the country in its eco-balance. You claim that our heritage connects to our roots with projects like Ayodhya Dham and so many

Dhams. But you don't mention that Joshimath is sinking because of your unwise decision to construct roads for the purpose of pilgrimage and make them picnic spots. This sinking of Joshimath is another reflection of your destroying the eco-balance of the country. This eco-balance of the country has to be maintained while you are making constructions, ecobalance can not be destroyed for the purpose of Hindu pilgrimage.

Again you say that it is a slave mentality. If the Rajpath is a slave mentality, then what would be your discharge of duty to the people of the country? You have to discharge the Raj Dharma which you don't do. Kartavya Path means that which you have decided to do. That is reflected through the speeches like Hindu nationalism. Against that, we have been fighting and we are inviting all the people to get together.

Sir, the strength of the Government lies in its power to face the Opposition. If you are an honest Government, you should not get scared of any investigation. Now the entire House is demanding a JPC to have an investigation in the affairs of a particular corporate house. Why do you get scared of it? Sir, will the Chair direct the Treasury Benches that if it is honest, it should go in for a JPC? Let there be an investigation and let the Government face it. Without this, the President's Address would take us to nowhere.

SHRI ANEEL PRASAD HEGDE (Bihar): Mr. Chairman, Sir, I rise to speak on the Motion of Thanks on the President's Address. First of all, on certain issues, I want to say that the Government's stated policies and actual actions are in contradiction to each other, sometimes to the point of serious conflict and not just divergence. जनहित के काम के लिए सरकार की प्रशंसा होनी चाहिए, हम वह करेंगे। देश में कोई चीज़ सही नहीं चल रही हो तो उसको सुधारने के लिए सुझाव भी देंगे। President's Address says, *'जल जीवन मिशन के तहत तीन वर्षों में करीब 11 करोड़ परिवार पाइप्ड वाटर सप्लाई से जुड़ चुके हैं।'* इस बात के लिए सरकार बधाई की पात्र है, मैं धन्यवाद देता हूं। वर्ष 2015 में बिहार में माननीय मुख्य मंत्री नीतीश कुमार जी के नेतृत्व में जो महागठबंधन की सरकार आयी थी, उस समय सात निश्चय योजना के अंतर्गत 'हर घर नल से जल' योजना वर्ष 2015 में लागू हुई। इस योजना को आदरणीय प्रधान मंत्री जी ने राष्ट्रीय स्तर पर एडॉप्ट किया, यह प्रशंसनीय बात है, लेकिन कुछ चीज़ों में विरोधाभास है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में बताया गया कि मेरी सरकार के प्रयासों से खादी की बिक्री चार गुना बढ़ी है। सभापति महोदय, आप जानते हैं, खादी का मतलब handspun and hand woven fabric होता है। सभापति महोदय, हाथ से कताई किए हुए सूत से बुनकर जो कपड़ा बुनते हैं, वह खादी होता है। देश में सरकार के पांच स्लाइवर प्लांट्स हैं - पहला बिहार के हाजीपुर में है, दूसरा यू.पी. के रायबरेली में है, तीसरा मध्य प्रदेश के सीहोर में है, चौथा कर्णाटक के चित्रदुर्ग में है और पांचवां केरल

के त्रिचूर में है। केवीआईसी के अनुसार पूनी और टेप्स सूत बनाने के लिए इसी स्लाइवर प्लांट से खरीदना जरूरी है। यहां पर यह ओपन मार्किट से ज्यादा महंगा है। कत्तिन, बुनकर और इन लोगों को काम देने वाली जो स्थानीय संस्थाएं हैं, उनमें तीन में से एक नहीं होने पर खादी कपड़ा नहीं बन सकता है। देश भर के कई प्रदेशों में इन तीन लोगों की हालत बहुत ही खराब है। कत्तिन लोगों को एक गुंडी कताई करने के लिए 7.50 रुपये दिए जाते हैं। विंटर सेशन में मेरे स्टार्ड क्वेश्चन के उत्तर के लिए सरकार ने इस बात को माना है। कताई के लिए कत्तिन को एक दिन में 10 से 12 गुंडी दी जाती हैं। इसका मतलब यह है कि अधिकतम 75 रुपये से 90 रुपये आमदनी है, लेकिन साल में अधिकांश कत्तिनों को मुश्किल से 100 से 150 दिन ही काम मिलता है। सर, बुनकर की आमदनी भी न्यूनतम वेतन से कम है। इसका मतलब यह है कि देश में अधिकांश कत्तिनों की आमदनी एक दिन में 40 रुपये से कम है। अधिकांश खादी संस्थाओं के पास पूनी और टेप्स खरीदने के लिए पैसे नहीं है, वर्किंग कैपिटल नहीं है। दिन-प्रतिदिन कत्तिन और बुनकर की संख्या कम होती जा रही है। जब कत्तिन और बुनकर कम होते जा रहे हैं, तो मुझे यह समझ में नहीं आ रहा है कि प्रोडक्शन चार गुना कैसे बढ़ा है? ऐसी हालत में दो-चार साल बाद कत्तिन और बुनकर दोनों नहीं रहेंगे, तब खादी कपड़ा किस चीज़ को कहेंगे? In the near future when spinners and weavers shall not be available, then, what fabric shall we call Khadi? दूसरी बात यह है कि केवीआईसी द्वारा एमएमडीए, जो संशोधित बिक्री विपणन सहायता दी जाती है, वह देश की अधिकांश जगहों में कत्तिन, बुनकर और खादी संस्थाओं को जनवरी, 2002 से दिसंबर, 2022 तक नहीं मिला है। Sir, as I said earlier, the Government's stated policies and actual actions are in contradiction to each other. To illustrate my point, I want to give one more example. The President's Address says, *"आज भारत में प्रगति के साथ प्रकृति का भी संरक्षण करने वाली सरकार है।"* While the Government is talking about promotion of organic and natural farming on the one hand and has indeed set aside funds too like never before, it has also approved genetically modified mustard which is herbicide tolerant. Whatever clever packaging the Government might want to give to genetically modified mustard, by denying that it is herbicide tolerant crop, the reality is that if farmers spray glufosinate on this GM mustard crop, it will tolerate the deadly chemical. This will increase toxic chemical usage in our farms and residues will increase in our food. This will affect the lives and livelihoods of farmers, agricultural workers, bee-keepers, honey exporters as well as organic farmers. Sir, in the year 2009, when the then Government gave approval to BT brinjal, then my party's Chief Minister, Shri Nitish Kumar, realizing the environmental damage it is going to cause and it is going to contaminate the *desi* seeds also, wrote to the then Environment Minister, Shri Jairam Ramesh. I congratulate Shri Jairam Ramesh that he listened to the Opposition. He immediately held seven public hearings in different parts of

the country and he also realized the harm. Incidentally, tomorrow is 9th February. On the 9th of February, 2010, Shri Jairam Ramesh ordered a moratorium on this.

2.00 P.M.

Sir, he listened to the opposition. And, Sir, the Government has also not banned many bannable deadly pesticides in the country. It was way back in 2020 that the Registration Committee, under the Insecticides Act, 1968, recommended 27 very hazardous pesticides be banned in India. But, there has been no action so far on these and other deadly chemicals. With each passing day of in-action, our environment and food chain is unnecessarily being subjected to hazards of these chemicals, while such pesticides are also causing acute poisoning and other toxicity to citizens.

Sir, chemically-propped up food fortification schemes are receiving massive support and promotion. There has been no initiative to support conservation and distribution of traditional varieties of seeds which are not only nutritious but will provide adaptation capacity in the age of climate change and support the natural farming initiatives. So, I urge the Government to look into this matter too.

Sir, I have pointed out the contradictions. On the question of GM crops, Shri Jairam Ramesh and the UPA listened to Shri Nitish Kumar, opposition and the civil society. Today, on this issue, I urge the Government to listen to, at least, your own organizations — the Bharatiya Kisan Sangh and Swadeshi Jagran Manch — which have protested at Ram Leela Maidan on this issue during the Winter Session.

Sir, the process of elections in Nagaland is going on. In 2018 elections, the present ruling Government of which BJP is a partner had said 'the election is for solution.' But, so far, solution has not come.

Thank you.

MR. CHAIRMAN: Shri Gulam Ali. It is his maiden speech.

श्री गुलाम अली (नामनिर्देशित): चेयरमैन सर, मैं जम्मू-कश्मीर से आता हूं और जम्मू-कश्मीर के बारे में और देश के बारे में यहां बहुत कुछ डिस्कस हुआ है। मैं देश की प्रेज़िडेंट द्रौपदी मुर्मू जी के मोशन ऑफ थैंक्स पर बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं सीनियर ऑनरेबल मेम्बर्स की स्पीचेज़ बहुत ध्यान से सुनता हूं। कल मुझे दुख हुआ कि प्रेज़िडेंट के लिए भी कुछ अल्फाज़ अच्छे इस्तेमाल नहीं हुए। मुझे दुख हुआ, क्योंकि वही कम्युनिटी जानती है, जिस कम्युनिटी से, जिस ट्राइब से वे हैं, they can

feel for their community और वे एक फ़ख महसूस करते हैं। देश तभी चल पाता है, जब देश की सुरक्षा, देश की सिक्योरिटी मजबूत हो और उन हाथों में हो, जो एक कन्विक्शन रखते हैं और मजबूती के साथ इस अर्थ पर, इस भारत को एक मजबूत ताकत बनाने की नीयत रखते हैं। पिछले 30 सालों में कई बार कश्मीर में चाहे पाकिस्तान की तरफ से क्रॉस-बॉर्डर टेररिज़्म हो या हमारी सिक्योरिटी फोर्सेज़ को शहीद किया गया हो या सिविलियन्स का कत्ल हुआ हो, लेकिन हमारे देश की जो लीडरशिप थी, उसका खून नहीं उबलता था।

आपने पुलवामा अटैक के समय देखा होगा कि हमने पाकिस्तान के अंदर घुसकर अटैक किया। हमारे देश का जो वजूद है और जो सिक्योरिटी फोर्स है, उसने उसको करारा जवाब दिया। प्रेज़िडेंट एड्रेस में एलओसी और एलएसी की बात हुई। हमारी एलओसी भी क्रिएटेड है। जिनकी सत्ता इस देश में थी, उन्होंने कुछ चंद फैमिलीज़ को सत्ता सौंपकर, यूनिलैट्रली सीज़फायर करके पाकिस्तान को वह इलाका दे दिया। वह आज भी हमारे लिए नासूर बना हुआ है। इतना ही नहीं, जम्मू-कश्मीर में जो हमारे अपने लोग थे, महाराजा हरि सिंह जी थे, वे एक रिफॉर्मर किंग माने गये हैं, जिन्होंने फोर्स्ड लेबर को खत्म किया, अनटचेबिलिटी को खत्म किया, उनको 70 साल तक इज्जत नहीं दी गई। जब नरेन्द्र मोदी जी की रहनुमाई में सरकार बनी, तब महाराजा हरि सिंह जी का स्टैच्यू जम्मू में लगा। कश्मीर का गरीब कश्मीरी हो या वहां की तीसरी बड़ी गुर्जर कम्युनिटी हो, इन्होंने इंटेंशनली पीओके से यूनिलैट्रल सीज़फायर किया था कि अगर यह कम्युनिटी इधर रहेगी, तो कुछ फैमिलीज़ को, जिनको लॉंच किया था, उनकी कभी हुकूमत नहीं बन पायेगी।

पहली बार देश के वज़ीर-ए-आज़म नरेन्द्र मोदी जी, तब वे चीफ मिनिस्टर थे, उन्होंने ललकार रैली की, जम्मू में एक बहुत बड़ी जन सैलाब रैली की, उसमें हज़ारों की तादाद में मुस्लिम समाज ने शिरकत की। वहां उन्होंने कमिटमेंट किया था कि जिन कम्युनिटीज़ को 70 साल तक पोलिटिकली एम्पावर नहीं किया गया, अगर मैं देश का वज़ीर-ए-आज़म बनूंगा, तो मैं उनको पोलिटिकली एम्पावर करूंगा। नरेन्द्र मोदी जी ने देश का वज़ीर-ए-आज़म बनते ही वहां पंचायत में रिज़र्वेशन दिया।

माननीय सभापति जी, वहां ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल्स कॉंसेप्ट ही नहीं था, वहां पर ब्लॉक डेवलपमेंट काउंसिल्स बनाईं। वे लोग बड़ी-बड़ी बातें करते थे कि 73वॉं अमेंडमेंट हुआ, 74वॉं अमेंडमेंट हुआ, लेकिन प्रैक्टिकल में कुछ नहीं किया। इस सरकार ने वहां डीडीसी में पूरा रिज़र्वेशन दिया, जिसके बारे में लोगों ने सोचा तक नहीं था। जिन जिलों में लोग डीडीसी के चेयरमैन बने हैं, यह नरेन्द्र मोदी जी के प्रधान मंत्री बनने पर ही मुमकिन हुआ है। आज क्रॉस-बार्डर टेररिज़्म लास्ट स्टेज में है, बौखलाहट में है। मिलिटेंट कभी स्टिकी बम लेकर आता है, कभी टनल निकालता है, कभी ड्रोन से हमारे इलाके में हथियार फैंकता है। लेकिन आज मिलिटेंट की, टेररिस्ट की जो उम्र है - जो क्वेश्चन उठाते हैं कि वहॉं नॉर्मेल्सी नहीं है, जिनकी आँखों से दिखता नहीं है, आप टेररिस्ट की एज को देखिए कि वह कितनी जल्दी न्यूट्रलाइज़ होता है। इसी का नाम कन्विक्शन है, इसी का नाम नरेन्द्र मोदी है।

महोदय, मैं अभी ट्रिपल तलाक की बात सुन रहा था। देश में जो पोलिटिकल पार्टीज़ सत्ता में रही हैं, उन्हें कम से कम इश्यू को पढ़ लेना चाहिए कि कुरान की जो बेसिक टेनेट्स है, उसके ऊपर

पूरा कंसल्ट करके तीन महीने का, जो तलाक का टाइम होता है, वह नरेन्द्र मोदी जी के टाइम में ही हो सकता है, लेकिन वे पोलिटिकल पार्टीज़, जिनका वोट बैंक माइनॉरिटीज़ हैं, वे उनको डराती हैं। हमें उन्हें डराना नहीं चाहिए। आज खुली फ़िज़ा में साँस लेनी है, आज सोशल मीडिया का जमाना है, आज नॉलेज का हब है, आज हमें उन्हें खुली फ़िज़ा में छोड़ना चाहिए। देश के वज़ीर-ए- आज़म, नरेन्द्र मोदी जी, चाहे हैदराबाद की वर्किंग कमेटी हो या रिसेंट वर्किंग कमेटी हो, उसमें पसमांदा मुसलमान की बात करते हैं, उनकी तरक्की की बात करते हैं।

चेयरमैन सर, लास्ट राइट्स में चालीसवाँ होता है। मुझे एक रिमोट इलाके पुंछ में एक चालीसवें में जाने का मौका मिला। मैंने देखा कि वहाँ इस्लाम में डिफरेंट सैक्ट्स के - देवबंदी, बरेलवी, एहले हदीस जैसे सभी सैक्ट्स के लोग थे। सभी का अपना-अपना फेथ है, फेथ और ऊपर वाले के बीच में लिंक है। मैं वहाँ पर उसको अटैंड करने गया था। वहाँ एक बहुत बड़ा आलिम उठकर बोला कि सत्तर सालों में जो इंडिया, पाकिस्तान, बंगलादेश के आलिम नहीं कर पाए, वह नरेन्द्र मोदी जी ने ट्रिपल तलाक के मसले में किया। मैंने उनका यह वाक्य सुना।

सभापति जी, अभी हम जी-20 को होस्ट कर रहे हैं। आज जी-20 में बाजरा है। नरेन्द्र मोदी जी का दिमाग देखिए कि बाजरा, जो गरीब की फसल है, उसका भी दंभ है कि आज बाजरा को एक फेस्टिवल जैसा रख रहे हैं। बाजरे की इतनी वैराइटीज़ हैं। हम होस्ट ही नहीं हैं, हम डिप्लोमैटिकली ही नहीं, बल्कि एक तरीके से अपने कल्चर और पोटेंशियल की नुमाइश करेंगे। ऑनरेबल चेयरमैन सर, हमारे पूरे देश का जो पोटेंशियल है, जो कल्चर है, हम उसकी नुमाइश करेंगे और देश के हर बड़े शहर में अपने कल्चर से उनको वाक़िफ़ करवाएंगे। ..(**व्यवधान**)..आपको डायजस्ट हो गया क्या? कल तो डायजस्ट हुआ नहीं। ..(**व्यवधान**)..क्वाड में हमारा जो एक इंटरनेशनल फोरम है, उसमें हमारी जो '*से*' है, वह नरेन्द्र मोदी जी के होते हुए ही मुमकिन है। इंटरनेशनल फोरम में टेररिज्म पर हमारा जो स्टैंड है, उसके कारण आज हमने पूरी दुनिया को राग़िब किया है, मजबूर किया है। आज इंटरनेशनल फोरम में हमारा जो '*से*' है, वे बातें भी हमें अपने ज़ेहन में लानी चाहिए और अपनी ऐनक के शीशे को धोना चाहिए ताकि ये वाली बातें भी दिखें कि आज हम कॉलर खड़ा करके दुनिया में बोलते हैं - I am an Indian, मैं हिंदुस्तानी हूं। आज हम पूरी दुनिया में यह बोलते हैं, लेकिन कल तक शर्म करते थे, हमारा मुल्क गरीब सा, मजबूर सा दिखता था, लेकिन आज हम फख्र से बोलते हैं।। am Indian. इंटरनेशनल ऑर्गेनाइज़ेशंस की रेलेवैंस के बारे में कभी हुआ कि भारत देश ने इंटरनेशनल फोरम की रेलेवैंस को, उनकी ऐफिकेसी को क्वेश्चन किया हो। आज लोग भारत की तरफ उम्मीद से देखते हैं। कोविड में हमने कितने देशों को फ्री इंजेक्शन दिया। आज लोग हमारी तरफ उम्मीद से देखते हैं। डिज़ास्टर से अभी टर्की में, सीरिया में भूकम्प आ गया तो देश के वजीर-ए- आज़म ने तुरन्त वहां रिलीफ के लिए जहाज़ भेजे। आज विदेशों में जो हमारे इंडियंस हैं, पहले सोचते थे कि मैं अरब में चला जाऊं, यूरोप में चला जाऊं, कनाडा में चला जाऊं, लेकिन आज हम सोचते हैं, आज हम डिस्कस करते हैं कि भारत की किसी सिटी में जाकर मैं अपना घर बनाऊं। पॉज़िटिव नैरेटिव भी हमें दिखाना चाहिए, मेरा यह मानना है।

देश का वजीर-ए- आज़म 'परीक्षा पे चर्चा', हम जिसे बड़ी छोटी बात समझते हैं, मतलब स्टूडेंट्स के एग्ज़ाम्स के स्ट्रैस के बारे में देश का वजीर-ए- आज़म सोचता है। एग्ज़ाम्स को बोलते हैं कि फेस्टिवल्स की तरह से हमेशा सोचना चाहिए, ताकि हमारा जो ब्रेन है, वह मैक्सिमम डिलीवर कर सके, हम स्ट्रैस में न आ जायें और छोटी-छोटी 25-30 बातें उसमें स्टूडेंट्स के लिए, पेरेंट्स के लिए, आम नागरिकों के लिए बताई गई हैं कि हमें अपने साथ कम्पीट करना चाहिए। जब हम दूसरों से कम्पीट कर रहे होते हैं तो कई बार हम अच्छा नहीं कर पाते तो हम डीमॉरेलाइज़ हो जाते हैं, लेकिन जब हम अपने से कम्पीट करेंगे तो हम रिफॉर्म करेंगे। हम अपनी गलतियों का सुधार करेंगे, ये छोटी-छोटी बातें पिछले ही दिनों पूरे देश में हुईं और इस किताब का इनॉगरेशन हुआ। टेक्नोलॉजी बहुत अच्छी चीज़ है, उसमें ये छोटी-छोटी बातें हैं, रैस्ट के बारे में, स्लीप के बारे में कि बच्चे कैसे खेलें, देश का वजीर-ए- आज़म इन सब चीज़ों की चिन्ता करता है।

मैंने सुना कि करप्शन नासूर है, इसमें कोई दो राय नहीं हैं, पर कभी हमारे देश के सरपंच ने यह सोचा था कि जितना पैसा दिल्ली से आएगा, उतना ही पैसा उसके अकाउंट में जाएगा। पहले बी.डी.ओ., ए.सी.डी., डायरेक्टर के चक्कर लगाता था, उसे कमीशन देता था। यह ट्रांसपेरेंसी है, यह डिजिटल जमाना है, कभी हमने सोचा था कि हम...(**समय की घंटी**)...अभी तो शुरुआत ही नहीं हुई। मैं स्टूडेंट हूं, सर।...(**व्यवधान**)...

MR. CHAIRMAN: Okay, one more minute. Sixteen minutes are over. You may take one more minute. The normal practice is fifteen minutes. It is a very impactful address. Take one more minute.

श्री गुलाम अली: सर, बात यह नहीं है कि भाषण कहां देना है, बात यह है कि हमारी नीयत साफ है, हमें देश के वजीर-ए- आज़म उस कम्युनिटी से लाए, जो आपको 70 साल नहीं दिखी और उसे आपने सिर्फ वोट बैंक की तरह इस्तेमाल किया। बिगैस्ट अचीवमेंट यह है कि हमारे हर भारतीय का सेल्फ कॉन्फिडेंस बढ़ा है। महोदय, यहां बहुत सारी बातें कही गईं। अब मैं कहाँ से शुरू करूँ, यहाँ बहुत सारी बातें कही गईं। वहाँ बुलडोजर चलाया जा रहा है।

श्री सभापति: अंत करने का समय आया है।

श्री गुलाम अली: सर, वहाँ बुलडोजर चलाया जा रहा है। पूरे देश में लैंड टू टिलर्स, लैंड रिफॉर्म्स का ढिंढोरा पीटा गया, लेकिन जम्मू-कश्मीर में हमने लैंड रिफॉर्म्स किए। सर, 70 साल में एक आदमी को मालिकाना हक नहीं दिया गया, सभी स्टेट्स लैंड और वोट लेते रहे, लेकिन हम देने जा रहे हैं। हमने अभी अनाउंस किया है, हम देंगे, हम ही देंगे। सर, इन्होंने वोट लिया ...(**समय की घंटी**)... और जमीनें डेवलपमेंट अथॉरिटीज़ में डालीं। हमने वहाँ अस्पताल बनाए। कोई वहाँ दो एम्स के बारे में सोच सकता

है! जम्मू जैसी सिटी में एम्स, आईआईटी, आईआईएम! ट्राइबल्स के लिए 9 सीटें रिजर्व! टेररिज्म में इतना ग्राफ! ...(**समय की घंटी**)...

MR. CHAIRMAN: Hon. Member, please conclude.

श्री गुलाम अली: सर, अगर मैं नहीं बताऊँगा, तो यह मेरी स्पीच के साथ नाइंसाफी हो जाएगी, मोशन ऑफ थैंक्स के ऊपर मैं जो स्पीच कर रहा हूँ। सर, आर्टिकल 370 का नुकसान यह था कि कश्मीर के गरीब नौजवान में डबल माइंड पैदा होता था, वह दुविधा में रहता था, लेकिन आज वह देश की सोचता है, आज वहाँ रात को फ्लाइट चलती है। थैंक यू, सर।

श्री सभापति: श्री रामदास अठावले। हमने भी आज शेर-ओ-शायरी की है।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले): आदरणीय चेयरमैन सर,

"राष्ट्रपति जी का अभिभाषण, मजबूत करेगा भारत नेशन।
विरोध करना है कांग्रेस का फैशन -
इसलिए मैं उसके विरोध में कर रहा हूँ भाषण।
कांग्रेस वालो, जितनी बढ़ानी है उतनी बढ़ाओ दाढ़ी, -
लेकिन मोदी जी की बहुत ही है मजबूत बॉडी।
मोदी जी को मालूम है देश के तमाम लोगों की नाड़ी, -
फिर कांग्रेस की कैसे चलेगी उनके सामने गाड़ी!
मोदी जी आदमी हैं खास, -
इसलिए उनके साथ है रामदास।
मोदी जी को विकास की है आस, -
इसलिए राजनीति में वे हो गए हैं पास।
कांग्रेस वाले हमेशा मारते हैं भास, -
इसलिए राजनीति में हो रहे हैं न पास।"

सर, आज यहाँ माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर चर्चा हो रही है। मैं कांग्रेस वालों का और अपोजिशन का आभार व्यक्त करता हूँ, क्योंकि वे रोज वैल में आ रहे थे। मतलब,

"राष्ट्रपति का अभिभाषण, यह है मोदी सरकार के विकास की गंगा,
काहे के लिए लेते हो उनके साथ पंगा।"

दंगा छोड़ कर आपने इस चर्चा में भाग लिया, इसलिए मैं कांग्रेस पार्टी का आभार व्यक्त करता हूँ, अपोजिशन का आभार व्यक्त करता हूँ और यही आशा व्यक्त करता हूँ कि आप हमेशा उधर ही रहेंगे और हम इधर ही रहेंगे। मतलब, अगर आपको टीका करने की, क्रिटिसाइज़ करने की आवश्यकता है, तो राष्ट्रपति जी का अभिभाषण प्वाइंट टू प्वाइंट था। सभापति महोदय, जो दलित समाज है, आदिवासी समाज है, ओबीसी समाज है, अल्पसंख्यक है, जनरल कैटेगरी के लोग हैं, मोदी सरकार ने जनरल कैटेगरी के लोगों को 10 प्रतिशत आरक्षण देने का निर्णय लिया। मोदी सरकार ने शैड्यूल्ड कास्ट्स एंड शैड्यूल्ड ट्राइब्स का जो ऐक्ट है, उसमें अमेंडमेंट करने का निर्णय लिया। मोदी सरकार ने बाबा साहेब अम्बेडकर जी का मैमोरियल बनवाया। कांग्रेस पार्टी ने तो बाबा साहेब अम्बेडकर जी को दो बार हराया था और उनको लोक सभा में आने का मौका नहीं दिया था...(**व्यवधान**)... लेकिन बाबा साहेब अम्बेडकर जी का 125वां जन्मदिवस नरेन्द्र मोदी जी ने मनाया।

सैंट्रल हॉल में बाबा साहेब अम्बेडकर जी का फोटो नहीं था, जब वी.पी. सिंह जी की सरकार थी, तब उन्होंने वह फोटो यहां लगवाया।...(**व्यवधान**)... कांग्रेस पार्टी को इसकी जानकारी भी नहीं थी कि यहां बाबा साहेब का फोटो...(**व्यवधान**)... इसी सैंट्रल हॉल में बैठ कर बाबा साहेब ने संविधान लिखा। ड्राफ्टिंग कमिटी के चेयरमैन के नाते रात-रात को जाग कर, 26 अलीपुर रोड में बाबा साहेब अम्बेडकर काम करते रहे।...(**व्यवधान**)... जयराम रमेश जी, यह काम आप लोगों को करना चाहिए था।...(**व्यवधान**)... ठीक है, आपने वह काम किया, आप बाबा साहेब अम्बेडकर जी को संविधान सभा में लाए, लेकिन उससे पहले दो बार बाबा साहेब को आपने हराया भी था। मुझे भी शिरडी में हराया, इसीलिए मैं छोड़ कर इधर आ गया। मुझे भी आप लोगों ने शिरडी में हराया।...(**व्यवधान**)... ठीक बात है। ये बोलते हैं कि बाबा साहेब अम्बेडकर जी का संविधान बदलेंगे, संविधान को कैसे बदलेंगे? हमने तो कांग्रेस को बदला है, संविधान को क्यों बदलेंगे? संविधान बदलने का विषय ही नहीं है। मोदी जी ने 2019 में सैंट्रल हॉल में संविधान को माथा टेक कर शपथ ली है कि बाबा साहेब अम्बेडकर के संविधान को मैं भारत में खड़ा करूंगा।

'सबका साथ-सबका विकास',
इसीलिए दिख रहा है यहां अच्छा प्रकाश।

मोदी जी ने 'सबका साथ-सबका विकास' की भूमिका रखी है, लेकिन आप भारत जोड़ने के लिए चल रहे हैं। बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने और संविधान ने भारत को पहले ही जोड़ दिया है। झगड़े होते रहते हैं, लेकिन फिर भी हम एक हैं। यहां पाकिस्तान के संविधान को कोई नहीं मानता है, यहां कुछ भी हो जाएगा, लेकिन देश नहीं टूटेगा, जम्मू-कश्मीर भी हमारा है। अभी हमारे साथी बोल रहे थे कि हमने अनुच्छेद 370 को हटाया है, पहले हमने कांग्रेस को हटाया फिर अनुच्छेद 370 को हटाया।...(**व्यवधान**)... हटाने का विषय तो नहीं है।...(**व्यवधान**)...

सभापति महोदय, पहली बार हमारे देश में अनुसूचित जनजाति की राष्ट्रपति को बनाया गया। नरेन्द्र मोदी जी ने उनको राष्ट्रपति बनाया। उन्होंने आपको भी बनाया, मुझे भी बनाया।...(**व्यवधान**)... राष्ट्रपति जी का जो अभिभाषण है, मेरी रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया उसका सपोर्ट करती है। मेरी

पार्टी बाबा साहेब अम्बेडकर जी के द्वारा स्थापित की हुई पार्टी है। इस पार्टी की तरफ से, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का सपोर्ट करने के लिए मैं यहां खड़ा हुआ हूं। मैं सभी लोगों से निवेदन करना चाहता हूं कि यह अभिभाषण देश को विकास की तरफ आगे ले जाने वाला है। हमारी सरकार देश के सभी लोगों को लेकर आगे बढ़ रही है। भारत को नरेन्द्र मोदी जी ने जोड़ ही दिया है, आप लोगों को इसे जोड़ने की आवश्यकता नहीं है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं, जय भीम, जय भारत!

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Ajit Kumar Bhuyan.

SHRI AJIT KUMAR BHUYAN (Assam): Thank you, Mr. Chairman, Sir. Since I belong to Assam and being the lone voice of Opposition from the North-Eastern Region in this Upper House, I will not speak on major concerns of inflation and unemployment gripping across the nation, as my learned colleagues have already enlightened us on those issues, and the time constraint is also there. So, I would like to continue my intervention on the specific concerns of the North-Eastern Region. As this was the first time when I listened to the Address, by Mahamahim Droupadi Murmu*ji* given in the joint sitting of both the Houses, as a Member of Parliament, I had a very high expectation that she would dwell at ethnic diversity of the North-Eastern Region and its complexity.

Assam was a single unit of governance, except Tripura and Manipur, when India got independence in 1947, and it was very rightly debated in the Constituent Assembly that ethnic diversity of the region would be protected and even the small tribes and their identity and culture would be protected in the post-independence era. The tribal community of the North-East region had hoped that their identity and culture would be protected under the guidance of Mahamahim Rashtrapati*ji* who herself is a tribal. Sir, I am very sorry to say that now tribals in Assam are facing illegal eviction. The insurgency and conflict in the region have been the result of not addressing the core issue of ethnic diversity. The people of the region had developed some hope when the Prime Minister told the nation that the Naga conflict was resolved when the Government of India inked the framework agreement in August, 2015 but the President's Address does not reflect any concern on the Naga conflict.

Of course, some development projects have been initiated but it is not a mercy but it is the legitimate right of the North Eastern Region. However, peace and development of the region will be sustainable when the Government of India addresses the very core issue. Sir, please allow me to highlight the very promise made by the Prime Minister, Shri Narendra Modi. He assured that six communities of Assam will be given

special Scheduled Tribe status but, Sir, even when the second tenure of the Government is almost coming to an end, no such intent has been reflected in the President's Address.

Sir, a high-level committee headed by the retired Justice of Guwahati High Court was formed by the Ministry of Home Affairs in July, 2019 to examine the effectiveness of actions taken since 1985 to implement clause 6 of the Assam Accord, and to suggest and recommend measures, as may be necessary, to protect, preserve and promote cultural, social, linguistic identity and heritage of the Assamese people. Sir, the Committee had submitted its report in February, 2020 but this report has not been released so far and nothing has been mentioned in the President's Address for the indigenous people of Assam.

Sir, during the General Elections in 2014, in a public meeting in Assam, Shri Narendra Modi promised that within 100 days, every problem of Assam will be solved but nothing has been solved so far. Sir, I fail to understand that the two powerful Cabinet Ministers who themselves are tribal and belong to the region are not pursuing the concerns of the tribal. Have they become voiceless or scared of the mighty notion of the duo, Narendra Modi and Amit Shah. Sir, in both the Houses, the region is represented by 39 Members of Parliament and this representation is bigger than the representation of Gujarat. It is always claimed that the Prime Minister has been visiting the region very often. वे लोग 40 टाइम्स, 40 टाइम्स बोलते रहते हैं। But can we say that Modi has the same concern as he has for Gujarat? Sir, I have no intent to frame him for Gujarat bias but certainly a mere visit should not be the parameter of concern and truthful initiative in the interest of the region.

Sir, here, I would like to appreciate the former Prime Minister, Dr. Manmohan Singh, for his novel initiative of development of the region though he was not frequently visiting the region. Sir, now, projects are being inaugurated. But, as the Leader of the Opposition rightly said, those projects were initiated by Dr. Manmohan Singh while they are now simply inaugurating these projects. Sir, I will conclude with a famous saying that the human being is not known by physical appearance but by his honestly-conceived intent, ideas and actions. Thank you.

श्री विवेक ठाकुर (बिहार): आदरणीय सभापति महोदय, मैं आपको धन्यवाद देना चाहूँगा कि आपने माननीया राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की इस चर्चा में मुझे अपने विचार रखने का अवसर दिया।

सभापति महोदय, मेरे मित्र मनोज जी अभी कह रहे थे कि वे इस बात से बहुत चिन्तित हैं कि एक वर्ष 2014 को चर्चाओं में इतना महत्व क्यों दिया जा रहा है। मुझे लगता है कि काश, महाभारत के संजय अगर 2014 में जिन्दा होते, तो उससे पहले के कालखंड का उनका वर्णन क्या होता। तब उन्हें सही जवाब मिल जाता कि क्यों 2014 का महत्व है। अगर पूछा जाता कि भारत कैसा दिख रहा है, तो संजय क्या बोलते? तब शायद इसके अलावा वे और कुछ नहीं बोल पाते कि पूर्वोत्तर में आग लगी हुई है, कश्मीर जल रहा है, मुम्बई में आतंकी घुसे हुए हैं, वे लोगों को मारते जा रहे हैं और पूरा देश उस चीज़ को टीवी पर लाइव देख रहा है, दुश्मन पता है, लेकिन सरकार की अनुमति नहीं है कि पलटवार करें, फौज हतोत्साहित बैठी हुई है, नौजवान आशा की सारी किरणें भूल चुका है, India is almost a land of no opportunities और वहाँ से एक सोये हुए भारत को संगठित करते हुए दोनों हाथ उठा कर कर्तव्य पथ पर दौड़ाते हुए विजय पथ की यात्रा पर 2014 के बाद भारत के यशस्वी आदरणीय प्रधान मंत्री लेकर चले हैं, 2014 का यह महत्व है!

सभापति महोदय, हमारी सरकार के ये 9 वर्ष, गरीब, किसान, दलित, आदिवासियों, वंचितों, पिछड़ों और ग्रामीण भारत के सशक्तिकरण के 9 वर्ष हैं। मुझे यह कहने में जरा भी अतिशयोक्ति नहीं है कि "9 साल, उपलब्धियाँ रहीं बेमिसाल।" मैंने पिछले वर्ष जब बिहार में एक गाँव में भ्रमण के दौरान कुछ ग्रामीणों से पूछा कि आपको कैसा लग रहा है, तो एक ग्रामीण ने एक ही लाइन में जवाब दिया कि

"*विपक्ष के साठ पर भारी मोदी जी के आठ*।"

सभापति महोदय, जिस प्रकार नवरात्र में नौ देवियाँ, नौ शक्तियों की प्रतीक होती हैं, उसी प्रकार हमारे यशस्वी आदरणीय प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने नौ शक्तियों के माध्यम से ग्रामीण भारत को सशक्त करने का काम किया है। यही वे नौ शक्तियाँ हैं, जिन्होंने भारत को इस अमृत काल में प्रवेश करने में सहायता प्रदान की। मैं इनका विवरण संक्षेप में करना चाहूँगा। ये नौ शक्तियाँ हैं - कृषि शक्ति, आदिवासी शक्ति, जल शक्ति, राष्ट्र शक्ति, व्यापार शक्ति, स्वास्थ्य शक्ति, नारी शक्ति, गति शक्ति और विद्या शक्ति।

सभापति महोदय, आदरणीय प्रधान मंत्री जी के प्रयासों के कारण ही आज भारत विश्व की दसवीं बड़ी अर्थव्यवस्था से आगे बढ़ कर विश्व की पाँचवीं बड़ी अर्थव्यवस्था बना है। यह तभी सम्भव हो पाया है, जब हमारी सरकार ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था, आधारभूत अवसंरचना और ग्रामीण भारत के विकास तथा कल्याण के लिए निरन्तर कदम उठाये हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी ने भी कहा था कि "The progress of the country lies in the development of the rural villages, rural economy and rural skills." रूरल इकोनॉमी का विकास तभी सम्भव है, जब हम अपनी कृषि शक्ति का पूर्णतः उपयोग करेंगे और अपने किसानों को समृद्ध बनाएँगे तथा सहयोग करेंगे - नीतियों से, न कि बातों से।

सभापति महोदय, मुझे तो ऐसा लगता है कि 'किसान', 'मजदूर' शब्द और उनकी भावनाओं का राजनीति में जितना दुरुपयोग और छेड़छाड़ हुई है, उतनी शायद ही किसी शब्द की आज तक हुई होगी। अगर इन शब्दों को वोकेब्युलरी से हटा दिया जाए, तो शायद मेरे जो समाजवादी और

वामपंथी दोस्त हैं, वे बड़े असमंजस में पड़ जायेंगे कि कहाँ से शुरू करें, कहाँ से आरम्भ करें। लेकिन पहली बार यह एक ऐसी सरकार आयी, जिसने जुबान बंद किसान, मजदूर और गरीब की भावनाओं को समझने की कोशिश की और यह एहसास किया कि किसान को भी सीधे मदद की जरूरत है। इस क्रम में हमारी सरकार ने "प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना" की शुरुआत की। इसके चार वर्ष पूर्ण होने जा रहे हैं। इस योजना में 2.24 लाख करोड़ रुपये भारत के किसानों को प्रदान किये जा चुके हैं, जिसमें से 1.7 लाख करोड़ रुपये कोविड महामारी के दौरान दिये गये और अभी तक लगभग 11.78 करोड़ किसानों को लाभ पहुँचाया जा चुका है।

सभापति महोदय, कृषि शक्ति का एक महत्वपूर्ण पक्ष है 'प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना'। यह सामान्य बात नहीं है। जब नेशनल लॉकडाउन लगा था, तब बड़ा शोर मचा कि जो रोज कमा कर खाते हैं, वे लाखों की संख्या में मर जाएँगे। इस देश में एक व्यक्ति भूखा नहीं मरा और तब से हमारी सरकार 80 करोड़ परिवारों को मुफ्त अनाज देते-देते आज एक सिक्योर्ड आबादी के रूप में 'नेशनल फूड सिक्योरिटी एक्ट' के तहत उनको निरंतर राशन दिए जा रही है।

सभापति महोदय, नोटिस करने वाली यह बात है कि यूएनडीपी की रिपोर्ट के हवाले से ईकोनॉमिक सर्वे प्रस्तुत किया है और इन दोनों योजनाओं के कारण भारत की गरीबी में कमी की महत्ता को उसने स्वीकार किया है।

सभापति महोदय, विपक्ष के हमारे दोस्त 'पीएम सम्मान निधि' के बारे में क्या-क्या राय रखते रहे, इसलिए मैं आपको 2019 में ले जाना चाहता हूँ, जब इस योजना की शुरुआत हुई थी। जब देश के ज्ञानी पूर्व वित्त मंत्री और कॉंग्रेस के बड़े नेता, जो इस सदन के भी सदस्य हैं, वे क्या कह बैठे थे। "Nothing can be more shameful in a democracy than bribe for votes." अर्थात् देश का मुख्य विपक्षी दल किसानों को रिश्वतखोर समझता है, वे रिश्वत लेकर वोट देते हैं - इससे बड़ी शर्म की बात कुछ भी नहीं हो सकती है। यही लोग कोविड-19 की महामारी के समय चिल्ला-चिल्ला कर कह रहे थे कि गरीबों के हाथ में पैसा पहुँचाना पड़ेगा। कोविड-19 महामारी में हमारी सरकार ने 1.73 लाख करोड़ रुपए सीधे जनता के हाथों में दिए और उन्हें यह योजना रिश्वतखोरी दिखाई देती है! चूँकि विदेशी संस्थाएँ भारत के विस्तृत आकलन में इसकी तारीफ कर चुकी हैं, इसलिए मुझे लगता है कि अब हमारे मित्रों को इसे अच्छा मानने में कोई दिक्कत नहीं होगी।

महोदय, उन्हें हमारी संस्थाओं पर विश्वास ही नहीं है। मैं यूएनडीपी की एक और रिपोर्ट का हवाला देना चाहूँगा। यूएनडीपी की मल्टी-डायमेंशनल पॉवर्टी इंडेक्स रिपोर्ट में वर्ष 2005-06 में जिक्र है कि 65 करोड़ भारतीय गरीबी रेखा के नीचे थे और आज 2019 से 2021 में यह संख्या 23 करोड़ तक पहुँच गई है, अर्थात् भारत ने 41.5 करोड़ भारतीयों को गरीबी रेखा से बाहर निकाला है। गरीब के जीवन में आमूल-चूल सुधार के पीछे हमारी सरकार की कल्याणकारी योजनाएँ हैं। जो लोग किसानों की आय को दोगुना करने का मज़ाक उड़ाते हैं, उनको मैं यह बताना चाहूँगा कि हमारी सरकार के नौ वर्ष के दौरान पर-कैपिटा इनकम दोगुनी होकर 1.57 लाख रुपए हो गयी है, अर्थात् हमारी सरकार ने लोगों को विशेषकर, किसानों की आय को दोगुना करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

सभापति महोदय, मैं ग्रामीण भारत की दूसरी महत्वपूर्ण शक्ति, आदिवासी शक्ति पर आता हूँ। पिछले नौ वर्षों के दौरान हमारी सरकार ने आदिवासी शक्ति के माध्यम से देश को बहुत मजबूती प्रदान करने का काम किया है। जब ग्रामीण विकास की बात हो, आदिवासियों, दलितों, वंचितों की बात पर देश के विभूति स्वर्गीय नानाजी देशमुख का उल्लेख न हो, तो यह बात अनुचित होगी। उन्होंने कहा था कि हम अपने नहीं, अपनों के लिए हैं और अपने वे हैं, जो सदियों से पिछड़े, वंचित और उपेक्षित हैं। इन्हीं विचारों से प्रेरणा लेते हुए हमारी सरकार ने 'प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना' की शुरुआत कर 36,000 आदिवासी एवं जनजातीय गाँवों के कल्याण का मार्ग खोला है तथा इस बजट में उपेक्षित घुमन्तू जनजातियों के लिए सर्वाधिक 15,000 करोड़ रुपए की धनराशि के साथ पीएमपीवीटीजी यानी प्राइम मिनिस्टर्स पर्टिकुलर्ली वल्नरेबल ट्राइबल ग्रुप योजना की शुरुआत भी की।

सभापति महोदय, जनजाति समुदाय को उनकी मातृभाषा में शिक्षा प्रदान करना अति आवश्यक है और इसलिए हमारी सरकार 689 एकलव्य मॉडल आवासीय स्कूल्स के द्वारा आदिवासी क्षेत्रों में शिक्षा प्रदान करने का महत्वपूर्ण काम भी कर रही है।

सभापति महोदय, इसी बीच गरीब किसान की पीड़ा को समझते समय मुझे लगा कि गुलज़ार साहब की दो पंक्तियाँ यहाँ पर जरूर रखनी चाहिए। उन्होंने लिखा है :

" खबर सबको थी मेरे कच्चे मकान की,
फिर भी लोगों ने दुआओं में सिर्फ बरसात ही माँगी।"

गरीब किसान की पीड़ा समझिए। एक तरफ वह बरसात भी माँग रहा है, लेकिन दूसरी तरफ वह यह भी सोचता है कि बरसात का महीना किसी तरह से निकल जाए और उसकी छत न गिरे। इस भाव को हमारी सरकार ने समझा, इसलिए 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' के तहत 280.53 लाख पक्के मकान बनाए जा चुके हैं, जिनमें लगभग 97 लाख मकान आदिवासी एवं दलित परिवारों को दिए गए हैं। सभापति महोदय, हमारे विपक्ष को हमारी बातों पर भरोसा तो है नहीं, इसलिए मैं 'प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना' पर नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एंड पॉलिसी के एक अध्ययन का ज़िक्र करना चाहूँगा। उन्होंने यह पाया कि लोगों को न केवल पक्का मकान मिला, बल्कि योजना के तहत इस्तेमाल किया जाने वाला कंस्ट्रक्शन मैटीरियल भी उच्च गुणवत्ता का था, जो अपने आप में इस योजना की सार्थकता को सिद्ध करता है।

सभापति महोदय, दलितों, वंचितों, किसानों और आदिवासियों की बात हो और मैं बिहार की दो महान विभूतियों, अर्थात अभी तक देश के सबसे बड़े किसान नेता स्वामी सहजानन्द सरस्वती और राष्ट्रकवि, रामधारी सिंह 'दिनकर' का उल्लेख न करूँ, तो यह अनुचित होगा। देश के सबसे बड़े किसान नेता स्वामी सहजानन्द सरस्वती, जो निरंतर छोटे किसान, दलित, वंचित, मजदूर के लिए संघर्षरत रहे, उन्हें देखते हुए राष्ट्रकवि 'दिनकर' ने उन्हें 'दलितों के संन्यासी' की संज्ञा दी और आज यह कहना कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री भी आधुनिक भारत के 'दलितों

के संन्यासी' हैं। सभापति महोदय, 'दिनकर' जी ने स्वामी जी के बारे में जो कहा, उसे मैं उन्हीं के शब्दों में आज के आधुनिक भारत के परिप्रेक्ष्य में भी कहना चाहूँगा। यह हमारे यशस्वी प्रधान मंत्री पर भी बड़ा सटीक बैठता है।

"वह आया, जैसे जल अपर, आगे फूल कमल का,
वह आया, भू पर आए ज्यों, सौरभ नभ-मंडल का,
लोकभाव अंजली, ये सबके लिए, लिए कल्याण,
आया है वह तेज गति से, धीर वीर गुणगान,
आया है जैसे सावन के आवे मेघ गगन में,
आया है जैसे आते कभी संन्यासी मधुवन में,
हवन पूत कर में सुदंड ले मुंडित चाल बिरागी,
आया है नवपथ दिखलाने, दलितों का संन्यासी।"

सर, प्रधान मंत्री जी 'दलितों के संन्यासी' इसलिए भी हैं, क्योंकि एक तरफ तो वे प्रयागराज कुंभ में सफाईकर्मियों के पांव धोते हैं और दूसरी तरफ मैनुअल स्कैवेंजिंग को खत्म करने हेतु मशीन से मैनहोल की सफाई के लिए योजना की शुरुआत भी करते हैं। उन्हें आधुनिक भारत के 'दलितों का संन्यासी' कहने में तनिक भी संशय नहीं रखना चाहिए और न है।

सभापति महोदय, मैं आदरणीय प्रधान मंत्री द्वारा संसद में 'मनरेगा' पर दिए गए एक बयान का स्मरण कराना चाहता हूँ। जब से यह बजट आया है, तब से 'मनरेगा' पर बड़ी चर्चा चल रही है। यह भी कहा जाता है कि पत्रकार यह नहीं लिखते हैं, वह नहीं लिखते हैं। एक अद्भुत डेटा है, जिसका मैं ज़िक्र करना चाहूँगा। 'मनरेगा' में हमने क्या चेंज किया है, इसे लेकर जो डेटा है, उसे मैं प्रस्तुत करता हूँ। 2014 में जब तक इनकी सरकार थी, तब तक 'मनरेगा' के तहत केवल 17.6 परसेंट ऐसेट क्रिएशन हुआ था, जबकि हमारी सरकार आने के बाद, जो दिशाविहीन तरीके से चल रहा था, उसे हमने ऑर्गेनाइज़ किया और उसी का परिणाम है कि इस कालखंड में 'मनरेगा' के माध्यम से 61.2 परसेंट ऐसेट क्रिएशन हुआ है। यह फर्क साफ है।

सभापति महोदय, ग्रामीण भारत की तीसरी महत्वपूर्ण शक्ति जलशक्ति है। स्वच्छ जल का क्या महत्व है, यह आप उस महिला से पूछिए, जो कई मील चलकर अपने परिवार के लिए पानी लेकर आती है। एक बड़ा अच्छा वाक्य है, जिसे अमेरिकन पोएट और राइटर Lucy Larcom ने कहा है - "A drop of water, if it could write out its own history, would explain the universe to us." प्रधान मंत्री जी स्वयं ऐसे राज्य के मुख्य मंत्री थे, जहाँ शुद्ध पेयजल की बहुत गंभीर समस्या थी। उन्होंने उस समस्या का भी हल निकाला, हर घर में नल से जल पहुंचाने का काम किया और जब वे प्रधान मंत्री बने, तो उन्होंने इस योजना को संपूर्ण देश में भी लागू किया। सभापति महोदय, जल की व्यवस्था के साथ-साथ जब लाल किले से स्वच्छता और शौच की बात हुई, तब हमारे विपक्ष ने सका मजाक उड़ाया, परन्तु इन्हें दूरदृष्टि समझ ही नहीं आई। हमारी

सरकार ने 'स्वच्छ भारत मिशन' के तहत भी 10.9 करोड़ व्यक्तिगत शौचालयों का निर्माण किया। जल की कीमत एक किसान से बेहतर और कोई क्या समझेगा। किसानों को खेती के लिए सिंचाई का पानी कितना महत्वपूर्ण है, इसकी कोई कल्पना नहीं कर सकता है। ...(**समय की घंटी**)... इसलिए हमारी सरकार ने वर्ष 2015 में 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' की शुरुआत की और सिंचाई का जो हिस्सा पहले 37 परसेंट था, आज उसका आँकड़ा बढ़कर 49 प्रतिशत हो गया है। 'हर घर नल से जल' और 'Per Drop More Crop' के माध्यम से ग्रामीण भारत के विकास में हमारी सरकार महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

MR. CHAIRMAN: Thank you.

श्री विवेक ठाकुर: सभापति महोदय, विषय तो काफी हैं, लेकिन अंत में मैं यही कहना चाहूँगा कि राष्ट्रकवि दिनकर ने यह कहा है कि वसुधा का नेता कौन हुआ:-

"वसुधा का नेता कौन हुआ?
भूखण्ड-विजेता कौन हुआ?
अतुलित यश क्रेता कौन हुआ?
नव-धर्म प्रणेता कौन हुआ?
जिसने न कभी आराम किया,
विघ्नों में रहकर नाम किया।"

आदरणीय सभापति महोदय, मैं माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का स्वागत और समर्थन करता हूँ, धन्यवाद।

MR. CHAIRMAN: Shri K.C. Venugopal, ten minutes. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.C. VENUGOPAL (Rajasthan): Thank you Chairman, Sir, for giving me an opportunity to speak on the Motion of Thanks on President's Address.

Sir, since last nine years, we are hearing the beautiful slogan all over India 'सबका साथ, सबका विकास।' and, of course, before 2014 itself, 'अच्छे दिन आएँगे' का नारा भी दिया गया। Now, what the country is witnessing is quite totally in a different way. सबके साथ विकास नहीं हुआ है, only two-three persons are getting 'विकास।' ...*(Interruptions)*... We are on the greatest moment of this country through *Bharat Jodo Yatra*. We walked from Kanyakumari to Kashmir. Beyond political limit, beyond caste and community limit, people of India, young people of India, farmers of India came to the *Yatra*. They raised

their concern to our leader Shri Rahul Gandhi. See the plight of the youth of the country now. In the morning, the Leader of the Opposition already raised the issue of two crore jobs per year promised by this Government. Wherever we went through the *Yatra,* we could witness the pain and agony of the young people of this country. They are not getting jobs. They are totally in distress. Now, what is the priority of this Government to address that concern? Three days before, the Budget has been presented. You see that. There is Rs.30,000 crore cut in MGNREGA which is the largest employment generation project of this country. We have a pain, Sir. This is the brainchild of Shrimati Sonia Gandhi and the then UPA Government. Once, Modi*ji* said that this is the memorial of corruption of the UPA Government. Then, he himself corrected that. Now, during Covid, we saw how much contribution MGNREGA has given to the public but your priority is like that. All the people of this country are asking for jobs and you are cutting the provision in MGNREGA. This is what the priority of this Government is. We are talking about the freedom of expression. Kharge*ji*, hon. LoP, has already mentioned about that. BBC documentary is defamatory. That is what the Government sources are telling. Are you stopping entire defamatory statements? Every day and night, when we witness some of your privileged channels, most preferred channels, there is 'Hindu-Muslim', 'Hindu-Muslim'. Every day, they are creating venom in this country. Are you stopping it? Sir, actually, I have a document of Jamia Incident that happened. It was an unfortunate incident that happened. Delhi Police arrested so many people. Finally, Delhi Police had alleged that they were involved in committing offences such as rioting and unlawful assembly during the violence that ensued at the University in 2019. In his detailed order at Saket Court, Judge Varma heavily criticized the Delhi Police for filing an ill-conceived chargesheet, and added that their case was devoid of irrefragable evidence. Not only that, it added that the Police have arbitrarily chosen to make some people from crowd as accused and others as Police witnesses. This cherry-picking was detrimental to the precept of fairness. There is one more thing that Justice Verma is saying that dissent is an extension of the invaluable Fundamental Right to Freedom of Speech and Expression, which was a right that the courts have sworn to uphold. Sir, on one side, the Government is trying to stop the entire voices of dissent. On the other side, there is the BBC Documentary. When Modi*ji* was the Chief Minister, just now, I am remembering it, he narrated that BBC is the most credible media in the world. In 2013 he said so, and I have a video and if you want that evidence, I will authenticate it. The Prime Minister told

that don't believe the Indian media, only believe in BBC. You are now saying that BBC documentary is totally discredible. How can we agree?

THE MINISTER OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE; AND THE MINISTER OF LABOUR AND EMPLOYMENT (SHRI BHUPENDER YADAV): Sir, I have a point of order.

SHRI K.C. VENUGOPAL: Sir, you have only given time to me.

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, what is that rule?

SHRI BHUPENDER YADAV: Sir, Rule 238, sub-Rule (1). सर, हम सब लोग राइट टू एक्स्प्रेशन को, आर्टिकल 19 को मानते हैं, पर हाउस कॉन्स्टिट्युशन के आर्टिकल 118 से चलता है। उसके अंतर्गत राज्य सभा में जो रूल बने हैं, उसमें रूल 238, सब रूल (1) है, जो यह कहता है, "Refer to any matter of fact on which a judicial decision is pending." हम यह कह रहे हैं कि पहले भी वह ज्युडिशियल डिसीज़न के लिए था, अभी भी वह ज्युडिशियल डिसीज़न के लिए पेंडिंग है। Any matter which is pending for judicial decision. ...*(Interruptions)*... ये जिस डॉक्युमेंटरी का विषय कह रहे हैं, जिसकी मेरिट को कह रहे हैं, वह subject to the pendency of judicial decision है, rest upon you, Sir. ...*(Interruptions)*...

SHRI IMRAN PRATAPGARHI (Maharashtra): Sir, which matter is pending? ...*(Interruptions)*...

SHRI K.C. VENUGOPAL: My point is only that whenever you are talking about some discredible media houses, you have to be neutral on what is happening in the Indian media. If some media is okay with you, some of the media is not okay with you, and it is very, very evident nowadays. In the morning, we discussed about this. If somebody is talking freely about some incidence, next day, he will get a call, if it is not in favour of the Government. These types of things the Government is doing and that is what I want to mention. For the last three-four days, we are debating on a single subject before you for a JPC enquiry. Sir, we have witnessed so many demands of this type in this House. This House has the greatest tradition. That House also has the greatest tradition. Whenever this type of big scam is raised in the public domain, it is the right of the parliamentarians to ask for an enquiry from the Government.

3.00 **P.M.**

If the Government did not need to hide any truth, they used to come for an enquiry. In UPA time, how many JPC inquiries we have done. My simple question is that, and that is what we are asking: Why are you running away from the JPC? Therefore, something is there somewhere. Digvijaya*ji* yesterday asked as to how a man's income can jump this much suddenly without the Government's support. Sir, I came to this House in 2021. In 2021, I got an opportunity to speak on the Aircraft (Amendment) Bill, 2020. During the discussion on the Bill, I raised two-three questions, the replies to which I did not get on that day. With your permission, I would like to ask that question again. Adani was given six airports. In 2019, the Government awarded Adani the right to purchase six major...

MR. CHAIRMAN: No, no. Mr. Venugopal, you said that Adani has been given six airports. What does that mean?

SHRI K.C. VENUGOPAL: Private places...*(Interruptions)*... I mean out of six airports, five airports are profit-making airports. The five profit-making airports, the Government has given... ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: One second. ...(Interruptions)... Take your seat. You have been heard by everyone with rapt attention. I want everyone to be heard like this, and, therefore, you will take note of what I am saying. If on the floor of this House, a statement is emanating from a senior Member of the opposition that a particular industrialist has been given six airports, that is baffling for two reasons. One, our country is governed by law and whoever gets something is out of evolution of a process. And, therefore, to impart this impression that it is something which Mr. Venugopal has given to me or I have given to him, that is not the situation. ...*(Interruptions)*... One second. I would, therefore, seek further elucidation on this. How do you make such a statement?

SHRI K.C. VENUGOPAL: Sir, I am agreeing with your view.

MR. CHAIRMAN: I am so glad. ...*(Interruptions)*... One second. It is after a long time that we have agreed with each other, after a very, very long gap. It should be more frequent.

SHRI K.C. VENUGOPAL: I mean that the Government awarded six airports through process, but that process is not transparent at all. That is what I want to say.

MR. CHAIRMAN: That is why I am saying... One second. In our country, every process is open to participation in terms of terms and conditions, and it is evolved. ...*(Interruptions)*... Were you a participant? ...*(Interruptions)*... No, no. Directly or indirectly, were you a participant? ...*(Interruptions)*... No! Go ahead. ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, you are the Chairman, you are the referee, you are the umpire. ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Let me tell you. Let me tell Mr. Jairam Ramesh, what can referee do with a player like him? Such a difficult player, who does not believe in the referee at all! ...*(Interruptions)*...

SHRI JAIRAM RAMESH: Sir, I am being provoked by the umpire. ...*(Interruptions)*... What can I do?

MR. CHAIRMAN: Mr. Venugopal, please.

SHRI K.C. VENUGOPAL: Sir, in 2019, the Government awarded six airports through a process which is not at all transparent.

MR. CHAIRMAN: I am just making a suggestion. You may, perhaps, check up as to who awards.

SHRI K.C. VENUGOPAL: The Government.

MR. CHAIRMAN: No. You will have to check up. I will tell you; otherwise, it will be a situation very different. Go ahead. ...*(Interruptions)*... Okay, Mr. Venugopal only. ...*(Interruptions)*...

SHRI K.C. VENUGOPAL: Sir, I have told you that I am quoting from my own speech of this Parliament itself. You can verify that.

MR. CHAIRMAN: You don't have to authenticate your speech.

SHRI K.C. VENUGOPAL: That is what I am saying. I am pointing out. The PPP Cell of the DEA, at that point of time, recommended that since these six airport developing projects are highly capital intensive, a clause should be incorporated that not more than two airports would be awarded to a single bidder because of the high financial risks involved and the need for stringent adherence to performance indicative. This is not given by the Opposition. This is not given by the Congress. This is given by PPP Cell of DEA of Union Government of India. Why has it been violated, Sir? For whom has it been violated, Sir? *...(Interruptions)...* They have cited the reasons also. The DEA's note also suggested that in that case if there was a project failure, there would be other capable bidders available to take on the failed projects. Then, the NITI Aayog specifically suggested that the request for proposal should include criteria to measure the experience of the bidder in developing airport terminals and related sectors. Did Adani*ji* have this type of experience earlier?

MR. CHAIRMAN: I am sure it must have been evaluated. You know better than I know.

SHRI K.C. VENUGOPAL: Sir, they are citing an example. They are talking about the UPA period. They are in that report citing an example of UPA. The DEA has specifically mentioned that when private companies bid for the development of the airports in Delhi and Mumbai, the contract to develop both the airports were not given to the same bidder. They are citing that example. *(Time-bell rings.)*

MR. CHAIRMAN: Twelve minutes' time is over. *...(Interruptions)...*

SHRI K.C. VENUGOPAL: GMR didn't get Mumbai and Delhi Airports, they only got Mumbai.

MR. CHAIRMAN: Now, Shri Abir Ranjan Biswas. *...(Interruptions)...*

SHRI K.C. VENUGOPAL: Sir, therefore, it is very clear that this Government is totally responsible for this Adani's income to go higher. Therefore, they want to hide something. This Government wants to hide something. Therefore, they don't care... ...*(Interruptions)*...

MR. CHAIRMAN: Shri Abir Ranjan Biswas.

SHRI K.C. VENUGOPAL: Without a JPC, the truth will not come out. The truth has to come out. I am demanding a JPC on this issue. With these words, once again, I thank and conclude my speech.

SHRI ABIR RANJAN BISWAS (West Bengal): Thank you Chairman, Sir, for giving me this opportunity. The TMC's position has been very clear. We use the floor of Parliament to expose this Government on multiple counts. Economic blockade of States, murdering federalism, weakening institutions like Parliament, CBI, ED, SEBI, the price rise, unemployment, the lack of communal harmony and, of course, scams of huge proportions that need to be enquired.

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI P.T. USHA) *in the Chair.*]

The immediate inquiry of the big scam which is currently creating much furore can happen in two different ways. Firstly, as many have been suggesting, by constituting a JPC. But, Madam, I understand the weak nerve of the Government. All the previous Governments which had constituted JPC, have not come back. Maybe on that count, they are afraid. They might not! On the second part, of course, we could have a Supreme Court monitored Committee to conduct this inquiry in a time-bound manner. So, we demand the second, of course, if the first plan is touching the weak nerve of the Government. It was said in the Address of Mahamahim Rashtrapati*ji* and I quote. "Today, India has a Government which is committed to removing every obstacle faced by women." Madam, crimes against women in India have increased by 15 per cent. India registered 32,000 rape cases in 2021 - sadly, that is, 86 cases of rapes per day. I would like to remind this august House that Kolkata is the least crime-prone metropolitan city as per the latest NCRB records. Women's safety in Kolkata should be emulated by

the rest of the country. Another statement in the Address is, and I quote, "The digital network that India has built is a source of inspiration even for developed countries."Madam, I would like to showcase the digital service delivery achieved by West Bengal. The West Bengal Government recently received the Platinum Award from the hon. President at the Digital India Awards for its flagship scheme called Duare Sarkar, which literally means 'the Government at your doorsteps'. This was for excellence in design and implementation of a public digital platform. The initiative by the Mamata Banerjee Government has a widespread coverage. Duare Sarkar camps help people, all over the State, to get Government services and accesses to various social welfare schemes; the achievement also includes the U.N. award winning Kanyashree Prakalpa and the students' credit card. In the Address, the Rashtrapatiji has said, 'From education to their career, my Government is trying to remove all obstacles for daughters.'

Madam, I would like to say that in this regard the Union Government can take inspiration from the West Bengal Government when it comes to education, especially for girls and implement effective schemes like the Kanyashree, the famous award winning scheme, the Sabooj Sathi and so on. The Kanyashree scheme has benefited 78 lakh girl children in West Bengal. The Sabooj Sathi has provided cycles to more than one crore students in West Bengal. In the Address, there was nothing mentioned about the youth unemployment.

Let me tell you all about the Yuvasree Scheme in West Bengal. Under this scheme, eight lakh youths have been registered to receive financial assistance. Further, the Address said, 'My Government has awakened the aspirations of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes.' At the top five IITs and IISc, Bengaluru, I would like to bring to the notice of the august House, 98 per cent of professors and more than 90 per cent of assistant and associate professors are from the privileged castes, in violation of the constitutional reservation mandate. In faculty positions, the reservation should be 7.5 per cent for Scheduled Tribes and 15 per cent for Scheduled Castes. That is the real picture.

Madam, when it comes to the matters of Scheduled Castes and Scheduled Tribes, the Government at the Centre could take a leaf out of the success diary of the West Bengal Government. I would like to mention that there are multiple schemes for the benefit of Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes. About eight lakh students from economically backward sections have received scholarships

under the Swami Vivekananda Merit-cum-Means Scholarship Programme of the Government.

Madam, another thing is that we have a Joy Bangla Pension Scheme in place; it is an umbrella of two schemes--Taposhili Bandhu and Joy Johar--where elderly, senior citizens of the communities, receive monthly pensions.

Further, in her Address, Rashtrapatiji said, 'The long felt urge to be rid of scourge of mega scams and corruption in Government schemes is now being realised.' Is it true, Madam? Let me give you one example. In Meghalaya, the practice of coal mining was banned in 2014, but transportation was permitted till 2017. Further extensions were granted by the Supreme Court. They were also misused. Illegally mined coal was taken out of the State and then returned to Meghalaya with false documentation of coal originating in other States. Last December, re-verification of extracted coal before the ban on illegal mining of coal revealed that there are over 19 lakh MT of coal, not over 32 lakh MT of coal as stated by the Government. In 2018, activists Agnes Kharshiing and Amita Sangma faced a near-fatal attack while they were on returning after lodging a complaint on illegal mining. It has been five years since, but where is the justice?

I would further like to mention that coming to the geo-political situation, we know that 25 per cent of current import of the Russian crude oil comes at a very lower price of an average of 48 to 52 US$ dollar per barrel. But when prices rose to over Rs. 100 for petrol, the international price of crude per barrel was more than 120 US dollars. Currently, 25 per cent of the import is of 48 to 52 dollars per barrel. But how is the benefit of this percolating to the poor? We can only say '*sabka saath sabka vikas*', but it should not remain as a *jumla*, unless you want to have *sabka vishwas* and *sabka prayas*. This benefit should percolate down to the people as bringing down the oil prices will have a ripple effect. It will bring down the prices of other commodities that are coming up with transportation and definitely the people at the lowest rung of society who are suffering from high price rise will have the benefit. So, things should not just remain as statements, i.e. *jumla*. Things should reflect on the ground. We can have many things said, but one thing delivered will be much more than many things said.

Sir, I would like to conclude by saying that I want to thank Mahamahim Rashtrapatiji for her Address. Having said that, equality in gender, caste and class is far from becoming a reality and needs to be our focus in all policies. The issues of people on the margins require urgent intervention by the Government. I conclude by re-

emphasising our demand for an immediate Supreme Court monitored inquiry into what could be the world's biggest scam. Thank you, Madam.

MESSAGES FROM LOK SABHA

(I) **Nomination of Members to Committee on Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes**

(II) **Nomination of Members to Committee on Public Accounts**

(III) **Nomination of Members to Committee on Public Undertakings**

SECRETARY-GENERAL: Sir, with your permission, I rise to report to the House the following messages received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha:-

(I)

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on Wednesday, the 8th February, 2023, adopted the following motion:-

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate seven Members from Rajya Sabha to associate with the Committee on the Welfare of Scheduled Castes and Scheduled Tribes of the House for the term beginning on the 1st May, 2023 and ending on the 30th April, 2024 and do communicate to this House the names of the Members so nominated by Rajya Sabha."

2. I am to request that the concurrence of Rajya SAbha in the said motion, and also the names of the Members of Rajya Sabha so nominated, may be communicated to this House."

(II)

"I am directed to inform you that Lok Sabha, at its sitting held on Wednesday, the 8th February, 2023, adopted the following motion:-

"That this House do recommend to Rajya Sabha that Rajya Sabha do agree to nominate seven Members from Rajya Sabha to associate with the Committee on Public Accounts of the House for the term beginning on the 1st May, 2023 and ending on the 30th April, 2024 and do communicate to this House the names of the Members so